बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा

60वीं से 62वीं सम्मिलित संयुक्त (मुख्य) प्रतियोगिता परीक्षा हेतु पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में दिनांक 12.02.2017 को सम्पन्न प्रारंभिक परीक्षा में सफल घोषित उम्मीदवारों से ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु दिनांक 20.12.2017 को विज्ञापन प्रकाशित किया गया था। तदुपरान्त ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि को विस्तारित किया गया था। पुनः ऑनलाईन आवेदन भरने की पूर्व की निर्धारित तिथि को निम्न प्रकार से विस्तारित किया जाता है :–

क्र. सं.	ऑनलाईन आवेदन संबंधी प्रक्रिया	पूर्व से निर्धारित अंतिम तिथि	विस्तारित अंतिम तिथि
1.	ऑनलाईन माध्यम अथवा बैंक में चालान के माध्यम से भुगतान करने एवं उसकी विवरणी डैशबोर्ड पर भरने की तिथि	24.01.2018	**12.02.2018**
2.	ऑनलाईन आवेदन भरने की तिथि	05.02.2018	**16.02.2018**
3.	आयोग कार्यालय में स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से सभी संबंधित अनुलग्नक के साथ हार्ड कॉपी प्राप्त होने की तिथि	12.02.2018 के अपराह्न 5:00 बजे तक	**26.02.2018 के अपराह्न 5:00 बजे तक**

1 : **प्रायः यह देखा गया है कि अभ्यर्थी चालान अथवा ऑनलाईन के माध्यम से भुगतान करने के उपरान्त उसकी विवरणी डैशबोर्ड पर विलम्ब से भरते हैं अथवा नहीं भरते हैं जिसके कारण उनके लिए ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए लिंक active नहीं होता है। अतः वे चालान अथवा ऑनलाईन के माध्यम से भुगतान करने के उपरान्त तत्काल उसी समय उसकी विवरणी डैशबोर्ड पर भरेंगे। विलम्ब के लिए अभ्यर्थी स्वयं जिम्मेवार होंगे।**

भुगतान की विवरणी डैशबोर्ड पर भरने के 24 घंटे बाद ही ऑनलाईन आवेदन भरने के लिए लिंक उपलब्ध होगा। अतः अभ्यर्थी दिनांक– 12.02.2018 तक निश्चित रूप से भुगतान विवरणी डैशबोर्ड पर भर लें (ऑनलाईन भुगतान करने वाले अभ्यर्थी को भी भुगतान की विवरणी डैशबोर्ड पर भरना होगा)।

2 : **ऑनलाईन भुगतान करने वाले अभ्यर्थी संतुष्ट हो लेंगे कि उनका भुगतान सफलतापूर्वक हो गया है एवं आयोग को निर्धारित परीक्षा शुल्क प्राप्त हो गया है। अभ्यर्थी ऑनलाईन भुगतान करने के उपरांत तत्काल उसी समय भुगतान रसीद (e-Receipt) प्रिंट कर लेंगे। भुगतान रसीद (e-Receipt) प्रिंट करने के उपरांत ही डैश बोर्ड पर ऑनलाईन भुगतान की विवरणी भरेंगे। अगर ऑनलाईन भुगतान (Transaction Status) लंबित (Pending) दर्शाता है, तो वह भुगतान मान्य नहीं होगा एवं उसके आधार पर भरा गया ऑनलाईन आवेदन अस्वीकृत कर दिया जायेगा।**

3 : इंटरनेट, बैंकिंग, ऑनलाईन भुगतान में व्यवधान के लिए आयोग जिम्मेवार नहीं होगा।

4 : ऑनलाईन आवेदन से सम्बन्धित आवश्यक निदेश एवं विस्तृत विज्ञापन आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर दिनांक– 20.12.2017 को प्रदर्शित आवश्यक सूचना के साथ उपलब्ध है। अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण करने के लिए आयोग के वेबसाईट पर पूर्व से प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक निदेश का भली–भाँति अध्ययन कर लेंगे।

अभ्यर्थी अंतिम तिथि का इंतजार नहीं करेंगे एवं समय–सीमा के अंदर ऑनलाईन आवेदन भरने की प्रक्रिया पूर्ण कर लें।

5.2.18

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना